## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.07.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- दे’’ा भर में मनाई गई गुरू पूर्णिमा–द्वीपसमूह के स्कूलों में भी विद्यार्थियों को गुरू की महिमा बताई गई ।
- चिड़ियाटापू में मनाया गया वन महोत्सव–फलदार, सजावटी पौधों के साथ–साथ तटीय प्रजाति के पौधे भी लगाए गए।
- ि’’ाक्षकों की समस्या का समाधान करने के लिए सांसद ने मुख्य सचिव का आभार व्यक्त किया।
- अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिए’’ान बारह जुलाई से स्मार्ट गर्ल्स अंडर–19 शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन करेगा।

<><><><><><><><>

आज देश भर में गुरु पूर्णिमा मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर लम्बा लाइन स्थित विवेकानन्द केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिन्मय मि’’ान के आचार्य स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती मुख्य अतिथि थे। दसवीं और बारहवीं कक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने अपने संबोधन में छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा। केन्द्र की सचिव वर्षा भोजुने ने गुरू पूर्णिमा पर प्रका’’ा डाला।

<><><><><><><><>

छियहत्तरवें वन महोत्सव के अवसर पर जैविक उद्यान, चिड़ियाटापू में खाली वन क्षेत्रों में फलदार पौधरोपण किया गया। इनमें से जामुन के पौधों के साथ–साथ तटीय क्षेत्रों में तटीय प्रजाति पून के पौधे भी रोपे गए। विभाग ने जामुन के पेड़, पक्षी प्रजातियों और विशेष रूप से कबूतरों के लिए भोजन के रूप में भी लगाए हैं। पून के पेड़, जिन्हें तटीय क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से उगाना अन्यथा कठिन होता है, भविष्य में टिकाऊ वृक्ष के रूप में देखे जा रहे हैं। टीम ने चिड़ियाटापू गाँव का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की। इस अवसर पर नींबू, संतरे और अमरूद के पौधे वितरित किए गए और ग्रामीणों के साथ इन पौधों को भी लगाया गया। इसके साथ ही घरों के पीछे फलदार पेड़ उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वन विभाग ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों में जुलाई माह के दौरान फलदार और सजावटी पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। चिड़ियाटापू स्थित जैविक उद्यान के उप–निदेशक ए.सी. तिलक ने नींबू प्रजाति के पौधों के पोषण संबंधी और आर्थिक लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

<><><><><><><><>

वन महोत्सव–दो हजार पच्चीस के उपलक्ष्य में उप–वन संरक्षक, कार्य योजना प्रभाग, हैडो की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेंज कार्यालय परिसर में फलदार पौधों की प्रजातियाँ लगाई गईं। इस अवसर पर मुख्य वन्य संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने वन महोत्सव–दो हजार पच्चीस की थीम– एक पेड़ माँ के नाम 2.0 पर जानकारी दी। डॉ. कन्नन ने बताया कि हम विभिन्न प्रभागों द्वारा वृक्षारोपण अभियान में सफलता हासिल कर रहे हैं। कर्मियों द्वारा नया शहर के आसपास के क्षेत्र में पैंतीस पौधे लगाए गए।

<><><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने अतिथि शिक्षकों की शिकायतों का समय पर समाधान करने के लिए मुख्य सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों की शिकायतों का समय पर समाधान करने के लिए सांसद ने आभार व्यक्त करते हुए कहा सभी महाविद्यालयों के लिए शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए पैनल प्रक्रिया के दौरान योग्य मौजूदा अतिथि प्राध्यापकों को प्रथम वरीयता देने के प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह विचारशील कदम है जिससे छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

<><><><><><><><>

सी बी एस ई बोर्ड परीक्षा दो हजार चौबीस–पच्चीस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए आज राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप शिक्षा अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस वर्ष आर्ट्स संकाय ने विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीनों शीर्ष स्थान प्राप्त किए। साइंस और कॉमर्स संकाय के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चौबीस शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया,

जिन्होंने अपने विषयों में सौ प्रति’’ात परिणाम प्राप्त किए। उन्हें शिक्षा निदेशक द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्या अर्चना सिंह को भी उनके कुशल नेतृत्व के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बैंड दल की भी सराहना की गई।

<><><><><><><>

एम.वी. अधिनियम 1988 के तहत सूचित किया जाता है कि चल रहे कार्यों के पूरा न होने के कारण स्कूल लाइन जंक्शन पर चाणक्य ट्यूशन सेंटर की मुख्य सड़क संख्या–02 डायवर्जन ग्रेविटी पाइप लाइन बिछाने के लिए ग्यारह से बीस जुलाई तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान सभी वाहनों को चाणक्य ट्यूशन सेंटर से रांची बस्ती, लिटिल एंजेल क्लिनिक की ओर मोड़ दिया जाएगा, जिससे कार्य सुचारू हो सके।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय, अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिए’’ान के सहयोग से स्मार्ट गर्ल्स अंडर–19 शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जाएगा। ये कार्यक्रम बारह और तेरह जुलाई को सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री विजयपुरम के सभागार में स्मार्ट गर्ल्स अंडर–19 शतरंज टूर्नामेंट 2025 का आयोजन करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत युवा महिलाओं को अपने रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और शतरंज जैसे बौद्धिक खेलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। पंजीकृत प्रतिभागियों के नाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

<><><><><><><>

कार निकोबार जिले के लिए नौ सागर मित्रों का चयन कर लिया गया है। कार निकोबार सहायक आयुक्त–मुख्यालय की अध्यक्षता में कृषि सहायक निदेशक, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी और मत्स्य पालन उप निदेशक के पैनल ने साक्षात्कार लिया। अभ्यार्थियों की योग्यता एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के निकोबार जिले के जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष के अनुमोदन के तहत नौ उम्मीदवारों को एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध पर क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय, कार निकोबार के अधिकार क्षेत्र के तहत निकोबार जिले में सागर मित्र के रूप में नियुक्ति के लिए चुना गया है।

<><><><><><><>

पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने पशुधन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के अन्तर्गत चौरा द्वीप में एक पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। दूरदराज के इलाकों में पशु चिकित्सा सेवाओं को पहुँचाने की विभाग की पहल के तहत आयोजित इस शिविर में घर–घर जाकर कृमि मुक्ति अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार करना था। शिविर के दौरान, अट्ठारह किसानों को लाभ हुआ, जिनमें से सड़सठ सूअर और उनके बच्चों तथा एक सौ पचासी मुर्गीपालकों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान और बेहतर विकास के लिए उपचार भी किया गया।

<><><><><><><>